



# त्योहारों पर ड्रोन से होगी चौबीसों घंटे निगरानी

- त्योहार में खलल डालने वालों पर की जाएगी सख्ती
- चारों जोन में होगी पुलिस की कड़ी तैनाती
- होली-रमजान पर सुरक्षा का हाई अलर्ट, सुरक्षा का ब्लूप्रिंट तैयार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** होली, धुलेंडी, रंगपंचमी और रमजान के मद्देनजर शहर में व्यापक सुरक्षा खाका तैयार किया गया है. संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी तथा नशाखोरी, अवैध आयोजनों और असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए बहुस्तरीय रणनीति लागू की जा रही है.

रविवार को पुलिस मुख्यालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में सभी जोन के अधिकारियों, एसीपी और थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी. संवेदनशील क्षेत्रों की मैपिंग कर फिक्स पिकेट, लगातार पेट्रोलिंग और विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है. होलिका दहन केवल परंपरागत और गैर-विवादित स्थलों पर ही किया जाएगा. आयोजकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि यातायात बाधित न हो और अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रहें.

### सोशल मीडिया पर रखी जाएगी पैनी नजर

शांति समिति की बैठकों के जरिए समाज के गणमान्य नागरिकों और आयोजकों से समन्वय बनाए रखा जाएगा. सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट और अफवाहों पर निगरानी रखी जाएगी. चल समारोहों और जुलूसों के दौरान यातायात डायवर्जन और पार्किंग प्लान लागू रहेंगे. बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल, लॉज और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सतत चेकिंग के निर्देश हैं. आवश्यक सेवाओं के लिए नगर निगम, बिजली और स्वास्थ्य विभाग से समन्वय भी किया है. आखिर में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने स्पष्ट संदेश दिया है कि त्योहार उल्लास के साथ मनाए जाएं, लेकिन कानून तोड़ने वालों के खिलाफ जहां कठोर कार्रवाई की जाएंगी वहीं कोई समझौता नहीं होगा.

### होली, धुलेंडी कार्यक्रम आयोजन की लेनी होगी अनुमति

कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस की सघन मौजूदगी रहेगी. होली और धुलेंडी पर होटल, गार्डन और रिसोर्ट में होने वाले आयोजनों के लिए विधिवत अनुमति अनिवार्य की गई है. आयोजकों को सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग व्यवस्था, स्वयंसेवक तैनाती और प्रतिभागियों की पहचान जांच सुनिश्चित करनी होगी. डीजे संचालन निर्धारित समय और ध्वनि सीमा के अनुरूप ही होगा, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान शहर के चारों जोन में ड्रोन कंट्रोल यूनिट सक्रिय रहेगी. जिससे प्रमुख चौराहों, जुलूस मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी. सभी बड़े आयोजनों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी. नशा कर उत्पात मचाने वालों, छेड़छाड़, मारपीट या चाकूबाजी जैसी घटनाओं पर तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. वहीं सूचीबद्ध गुंडों, निगरानी बदमाशों और पूर्व में आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट व एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार आरोपियों की चेकिंग कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी. पुलिस द्वारा सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी.

# हरियाणा की सिम, यूपी के खाते में राशि ट्रांसफर, बिहार के एटीएम से निकासी

## डीप फेक से ठगी का जाल तीन राज्यों तक फैला, फुटेज तलब

**इंदौर. 10वीं के छात्र का डीप फेक वीडियो बनाकर परिजनों से अपहरण के नाम पर 1.02 लाख रुपए ठगने के मामले में जांच तीन राज्यों तक पहुंच गई है. कॉल के लिए इस्तेमाल सिम हरियाणा की पाई गई है, राशि यूपी के बैंक खाते में ट्रांसफर हुई और निकासी बिहार के एटीएम से की गई. क्राइम ब्रांच ने संबंधित बैंक से खाते का विवरण और एटीएम के सीसीटीवी फुटेज मांगे हैं.**

मामला कुछ दिन पहले सामने आया था. अवकाश के दौरान घर से नाराज होकर ट्यूशन गया छात्र वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई और फोटो सोशल मीडिया पर जारी किया. अगले दिन वीडियो कॉल कर बदमाश ने चेहरे को छिपाते हुए छात्र का डीप फेक वीडियो दिखाया और चाकू से हमला करने का दृश्य बनाकर फिरौती मांगी. भयभीत परिजनों ने भेजे गए क्यूआर कोड पर 1,02,000 रुपए ट्रांसफर कर दिए थे, अगले दिन छात्र ने अपने मित्र को फोन कर बताया कि वह सांवरिया सेठ क्षेत्र में है. परिजन जब वहां पहुंचे तो पता चला कि उसका अपहरण नहीं हुआ था.

### बैंक से मंगाई जानकारी

इसके बाद ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई और मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा. मामले में एडीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जिस नंबर से कॉल किया गया था वह सिम हरियाणा की निकली है. क्यूआर कोड के माध्यम से भेजी गई राशि यूपी के बैंक खाते में जमा हुई और बाद में बिहार के एक एटीएम से निकाली गई. खाते की केवाईसी जानकारी, ट्रांजैक्शन डिटेल और एटीएम फुटेज के लिए संबंधित बैंक को ई-मेल किया गया है. अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर टीम संबंधित राज्यों में जाएगी.

### 1.80 लाख की ऑनलाइन ठगी

महू. साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच महू थाना क्षेत्र में एक वरिष्ठ नागरिक से 1 लाख 80 हजार 5 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार अभिमन्यु दास उम्र 65 साल निवासी साई श्रद्धा पैलेस कॉलोनी, गुजरखेड़ा महू ने शिकायत दर्ज कराई कि 24 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच मोबाइल माध्यम से उनके साथ ठगी की गई। आरोप है कि मोबाइल नंबर उपयोगकर्ता ने ऑनलाइन संपर्क कर झांसे में लिया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1,80,005 रुपये निकलवा लिए. घटना की जानकारी मिलने पर महू पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की सहायता से संबंधित मोबाइल नंबर और बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके.

### बुजुर्ग से 1.45 लाख की ऑनलाइन ठगी, केस दर्ज

**इंदौर.** विजयनगर थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. अज्ञात साइबर ठग ने खुद को किसी अन्य व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत कर 62 वर्षीय कारोबारी से 1 लाख 45 हजार 500 की राशि ठग ली. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि पवन अग्रवाल निवासी बीसीएम पैराडाइज, निपानिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि 9 दिसंबर 2025 के आसपास उनके साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की घटना हुई. आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने भ्रामक जानकारी देकर विश्वास में लिया और छलपूर्वक उक्त राशि ट्रांसफर करा ली. पीड़ित ने बताया कि धोखाधड़ी मध्यप्रदेश क्षेत्राधिकार में हुई है और रकम साइबर माध्यम से निकाली गई. मामले में थाना विजयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. साइबर सेल की मदद से आरोपियों की पहचान और रकम की ट्रेल खंगाली जा रही है.

# स्नैचिंग कर भागते बदमाशों को लोगों ने पीछा कर पकड़ा

- मंगल नगर में युवती से मोबाइल छीनने की कोशिश
- भीड़ ने घेरकर पकड़ा, पुलिस के सुपुर्द किया

**इंदौर. शहर में बढ़ती झपटमारी की घटनाओं के बीच मंगलवार को एक वारदात जनता की सतर्कता से नाकाम हो गई. मंगल नगर इलाके में एक युवती से मोबाइल छीनकर भाग रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया.**

घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र की है. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिसस को बताया कि युवती सड़क पर जा रही थी, तभी बाइक सवार दो युवक उसका मोबाइल छीनकर तेजी से भाग निकले. युवती के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बदमाशों का पीछा किया. कुछ दूरी पर घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया गया. पकड़े जाने के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और आक्रोशित लोगों ने आरोपियों की पिटाई कर दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं या नहीं, इसकी पड़ताल की जा रही है. मामले में झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# महिला से सोने का पेंडल झपटा, बाइक सवार फरार

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला से झपटमारी की घटना सामने आई है. अज्ञात बाइक सवार महिला के गले से सोने का पेंडल छीनकर फरार हो गया.

थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताय कि देवनगर मे रहने वाली 45 वर्षीय विन्दु गौड़ ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की शाम करीब 5.55 बजे मालवा मिल क्षेत्र से विश्रांति चौराहे की ओर किराना सामान लेने जा रही थीं. जैसे ही वह प्रिया ट्रेडर्स के सामने विश्रांति चौराहे के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आए एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने झपट्टा मारकर उनके गले से पुराना इस्तेमाल किया हुआ सोने का पेंडल खींच लिया और तेज रफ्तार से भाग निकला. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की. परदेशीपुरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

## एक नजर में

### पुलिस ने संयोगितागंज क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च



**इंदौर.** रंगों के त्योहार से पहले शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने सख्त तेवर दिखाए हैं. पुलिस उपायुक्त जोन-3 के नेतृत्व में संयोगितागंज सर्कल क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया. मार्च के दौरान एसीपी संयोगितागंज सहित थाना प्रभारियों और बड़ी संख्या में पुलिस बल ने प्रमुख बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर पैदल गश्त की. पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील भी की. पुलिस का कहना है कि होली और रंगपंचमी के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, नशे की हालत में वाहन चलाने या सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष गश्त की व्यवस्था की गई है. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट पर भी निगरानी रखी जाएगी. जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी.

### चाकू लेकर घूमते हुए 3 बदमाश धराए




**इंदौर.** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को धारदार चाकू के साथ पकड़ा है. सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं. पुलिस डायरी में दर्ज प्रकरण के अनुसार विवेकानंद स्कूल के पास सुलभ कॉम्प्लेक्स के नजदीक पुलिस ने 55 वर्षीय मनोहर सोलंकी निवासी छोटी खजरानी को पकड़ा. तलाशी लेने पर उसके पास से लोहे का तेजधार, तड़तड़ीदार चाकू, जिस पर प्लास्टिक की पकड़ चढ़ी हुई थी, बरामद किया. इसी तरह अटल द्वार के पास बदनाम गली क्षेत्र में पुलिस ने 33 वर्षीय सोनू उर्फ विक्की उर्फ कंगारू निवासी सुभाष नगर को गिरफ्तार किया. उसके कब्जे से लोहे का तेजधार चाकू जब्त किया. इसी तरह कस्तूरबा चेकिंग प्वाइंट, रालामंडल रोड पर देर रात कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शुभम परालिया निवासी असरावद खुर्द को खटकेदार चाकू लेकर घूमते पकड़ा. आरोपी से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### प्रतिबंधित समय में डीजे बजाना पड़ा महंगा

**इंदौर.** तुकोगंज थाना क्षेत्र में देर रात तेज आवाज में डीजे बजाना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साउंड सिस्टम जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया है. थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 1.30 बजे गोमा की फैल स्थित मकान नंबर 10/2 पर प्रतिबंधित समय के दौरान तेज ध्वनि में स्पीकर चलाए जाने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि राजेश रघुवंशी उम्र 42 द्वारा डीजे/साउंड सिस्टम तेज आवाजा में बजाया जा रहा था. पुलिस ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए डायनाटच कंपनी का एक स्पीकर सहित साउंड सिस्टम, जिसकी कीमत लगभग 25 हजार बताई गई है, जब्त कर जप्ती पंचनामा तैयार किया. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

### युवक ने सरकारी शौचालय को तोड़ा, केस दर्ज

**महू.** ग्राम गवली पलासिया में शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है. आरोपी ने लोहे के घन से प्रहार कर सरकारी शौचालय को क्षतिग्रस्त कर दिया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गवली पलासिया के सचिव शरद अमोनिया उम्र 52 साल निवासी विद्युत नगर, हरनिया खेड़ी महू ने शिकायत दर्ज कराई कि 24 फरवरी की सुबह 9 से 11 बजे के बीच कंटकपुर नाले के पास स्थित शासकीय शौचालय को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया. जांच में आरोपी के रूप में राहुल राठौर निवासी ग्राम गवली पलासिया का नाम सामने आया है. बताया गया है कि आरोपी ने लोहे के घन से वार कर शौचालय की संरचना को क्षतिग्रस्त किया, जिससे सरकारी संपत्ति को आर्थिक हानि हुई. मामले में बड़गोंदा पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है.

# मलबे में दबने से मजदूर की मौत



**इंदौर. विजयनगर थाना क्षेत्र के बड़ी भमोरी इलाके में मकान का निर्माण के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया. मकान की तीसरी मंजिल पर तोड़फोड़ का काम कर रहे एक मजदूर पर अचानक छत का हिस्सा गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.**

थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि मृतक की पहचान 45 वर्षीय हरिओम पिता मोहनसिंह निवासी कुलकर्णी का भट्टा के रूप में हुई है. वह अपने साथियों के साथ भवन के ऊपरी हिस्से में बने टॉवर को तोड़ने का कार्य कर रहा था. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि अचानक छत का हिस्सा भरभराकर गिर गया और वह मलबे में दब गया. साथियों ने तत्काल उसे बाहर निकाला और ठेकेदार महेश की मदद से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया. गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. हरिओम अपने दो भाइयों के साथ निर्माण कार्य से जुड़ा था. परिवार में पत्नी और एक पुत्र है. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# रविवार को भी दुबई में उड़ानें बाधित, इंदौर के कई लोग अब भी फंसे

- आंशिक वापसी के बीच अधिकांश यात्रियों को नियमित फ्लाइट शुरू होने का इंतजार



**इंदौर.** दुबई में जारी तनाव के कारण भारत आने वाली कई उड़ानें निरस्त होने से इंदौर के जनप्रतिनिधि, उद्योगपति और अन्य यात्री प्रभावित हुए हैं. शनिवार को कुछ लोगों की वैकल्पिक व्यवस्था से वापसी हो गई, लेकिन शहर के कई नागरिक अब भी रविवार को भी दुबई में फंसे हुए हैं. सभी के सुरक्षित होने की जानकारी सामने आई है, हालांकि, नियमित उड़ानें शुरू न होने से अनिश्चितता अब भी बनी हुई है.

जानकारी के अनुसार, इंदौर के शिक्षाविद पंकज विरमाल के साथ दुबई गए समूह के कुछ सदस्य भारत लौट आए हैं, जबकि उनके साथ गए अन्य लोगों की वापसी अभी शेष है, वे दुबई में ही ठहरे हुए हैं. वहीं, पूर्व विधायक संजय शुक्ला सहित पूर्व देपालपुर विधायक विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, मनीष सहारा (सहारा ग्रुप), संजय अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप), पिंटू छाबड़ा (सी-21) तथा गोलू पाटनी का समूह अब भी दुबई में फंसा हुआ है. नव भारत प्रतिनिधि को पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने बताया कि वह जहां रुके हुए हैं, वहां पर चारों तरफ धमाकों की आवाजें आ रही हैं, यहां खौफ का माहौल बना हुआ है.

उन्होंने दुबई से जारी संदेश में देश के गृहमंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की अपील की है. उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय हालात के चलते उड़ान संचालन प्रभावित है और बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों की वापसी अटकी हुई है. केंद्र सरकार समन्वय कर शीघ्र वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि लोग सुरक्षित लौट सकें. उन्होंने यह भी कहा कि सभी इंदौरी नागरिक सुरक्षित स्थानों पर हैं और भारतीय दूतावास के संपर्क में बने हुए हैं, लेकिन परिजनों में स्वाभाविक चिंता है. फिलहाल स्थिति पर नजर रखी जा रही है और उड़ान सेवाएं सामान्य होने के बाद शेष यात्रियों की वापसी की संभावना जताई जा रही है.

# रामानंद नगर में बदमाशों ने गाड़ियों में फिर की तोड़फोड़

- पांच दिन पहले भी बनाया था वाहनों को निशाना, इलाके में दहशत

**इंदौर. रामानंद नगर क्षेत्र में शनिवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने एक ट्रैवलर वाहन के कांच चकनाचूर कर दिए. घटना रात करीब 2 बजे की है. लगातार हो रही ऐसी वारदातों से इलाके में दहशत का माहौल है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, हालांकि अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है.**

जानकारी के अनुसार चेतन स्कूल के पास खड़ी एक ट्रैवलर गाड़ी के मालिक जितेंद्र धारवा घर में सो रहे थे. तेज आवाज सुनकर वे बाहर आए तो वाहन के कांच टूटे मिले. शोर सुनकर आसपास के लोग भी बाहर निकल आए और पुलिस को सूचना दी गई. गौरतलब है कि पांच दिन पहले भी धारवा की टवेरा कार को निशाना बनाया गया था. इससे पहले छत्रीपुरा, एरोड्रम और चंदन नगर क्षेत्रों में भी एक के बाद एक करीब दर्जनभर गाड़ियों के कांच तोड़े गए थे. उस मामले में पुलिस ने ध्रुव और सावन नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया था. कार्रवाई के बाद क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधिकारियों का स्वागत भी किया था.

### ताजा घटना में अभी तक नहीं लगा कोई सुराग

ताजा घटना में अभी तक कोई स्पष्ट सीसीटीवी फुटेज सामने नहीं आया है. प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि बदमाश नशे की हालत में इस तरह की वारदातें कर रहे हैं. लगातार हो रही तोड़फोड़ से रहवासियों में आक्रोश है. लोगों का कहना है कि पूर्व में गिरफ्तारी के बाद भी दोबारा वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है. उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र के पटेल नगर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है. अज्ञात बदमाश मकान में घुसकर घरेलू सामान चोरी कर ले गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि ब्रजभूषण पारिख निवासी 34 पटेल नगर एयरपोर्ट रोड ने शिकायत दर्ज कराई कि सुबह 9.30 बजे से शाम 7 बजे के बीच उनके मकान नम्बर 35 पटेल नगर में अज्ञात आरोपी घुस आए. बदमाशों ने घर का ताला तोड़कर भीतर रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया. मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

एक नजर में ▶ वॉल्व पूरी तरह नहीं खोलने से घरों तक नहीं हो पाती पर्याप्त जल आपूर्ति, टैंकर से ले रहे पानी

# दूषित पानी की समस्या दूर हुई, लेकिन पानी की कमी बरकरार



**इंदौर.** शहर में जल संकट और दूषित पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है. नगर निगम के प्रयासों के बावजूद शहर में पानी की कमी और दूषित पानी (विशेषकर पुरानी पाइप लाइनों के कारण) एक स्थायी समस्या बना हुआ है. बढ़ती जनसंख्या पुरानी पाइप लाइनें और अपर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण पानी की कमी और गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है. नगर निगम द्वारा पाइपलाइन सुधार और जांच के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन समस्या का पूर्ण समाधान नहीं हो पाया है. शहर के विभिन्न इलाकों से लगातार कम दबाव और गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें आ रही हैं.

इसी तरह की समस्या से वार्ड 31 के अंतर्गत आने वाले बापू गांधीनगर के रहवासी भी जूझ रहे हैं. देवास नाका के समीप रिंग रोड से लगे इस क्षेत्र में वर्षों से दूषित पानी की समस्या बनी हुई थी. भागीरथपुरा घटना के बाद प्रशासन ने सभी वार्डों के साथ यहां भी सुधार कार्य किया, जिससे बापू गांधीनगर में लगभग 70 प्रतिशत तक दूषित जल की समस्या पर नियंत्रण पाया गया. हालांकि, क्षेत्र में अब भी पानी की कमी गंभीर मुद्दा बनी हुई है. रहवासियों ने बताया कि यहां स्थित बड़ी पानी टंकी का वॉल्व पूरी तरह नहीं खोला जाता, जिससे घरों तक पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं हो पाती. वर्तमान में केवल एक टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है, जो क्षेत्र की जरूरतों के लिए नाकाफी साबित हो रही है. गर्मी नजदीक आने के साथ हालात और बिगड़ने की आशंका है, स्थानीय रहवासियों ने नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है.

### यह बोले नागरिक...



पहले तो पानी पीने के योग्य नहीं होता था, ज्यादा गंदा पानी आता था, अब बहुत ज्यादा सुधार हो चुका है, फिर भी पीने के पानी को उबाल कर वापरते हैं.

**- संतोष गहलोत**



आधे घंटे कभी, एक घंटे पानी आता है, उसमें भी वॉल्व कम खोलते हैं, शुरू का गंदा पानी हमें ढोलना पड़ता है, जिसके कारण पानी की पूर्ति नहीं हो पाती.

**- अंशुल चौहान**



पहले नल अच्छी तरह आते थे, लेकिन हमारे क्षेत्र से काटकर गुलाब बाग में लाइन कनेक्ट कर दी है, तभी से क्षेत्र में पानी की किल्लत बढ़ गई है.

**- गोविंद सिंह**



पाइंट चेक उन्हें किया जा रहा है
क्षेत्र में पानी की किल्लत और दूषित पानी की समस्या सामने आई थी, जिस पर कई जगह पॉइंट चेक कर उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है, जल्दी समस्या खत्म होगी.

**- बालमुकुंद सोनी, पार्षद**